>

Title : Need to establish a Urdu University at Faizabad and a Sanskrit University at Ayodhya in Uttar Pradesh for promoting Urdu and Sanskrit languages.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): महोदय, उर्दू के नामी शायर " मीर अनीस " और बृजनारायण "चकबस्त" तथा गजल-ठुमरी-दादरा की मशहूर गायिका बेगम अख्तर की जन्मस्थली, फैजाबाद (उ0प्र0) में उर्दू भाषा के प्रचार प्रसार संवर्धन के लिए यह आवश्यक है कि केन्द्र सरकार फैजाबाद में उर्दू विश्वविद्यालय या उर्दू की उच्च शिक्षा का संस्थान स्थापित करे ।

इसी तरह आदिकवि बाल्मीकि जिन्होंने मर्यादा पुरूषोत्तम राम के चरित्र, व्यक्तित्व लीलाओं का दिग्दर्शन संस्कृत भाषा के माध्यम से रामायण द्वारा समाज के समक्ष कराया उस संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, संवर्धन के लिए केन्द्र सरकार राम की नगरी अयोध्या में संस्कृत विश्वविद्यालय या संस्कृत की उच्च शिक्षा का संस्थान स्थापित करे ।